CATALYST COLLEGE

(A Unit of Vijayam Educational Trust, A registered Non-Profit Charitable Trust)
Affiliated to Patliputra University,Patna

कैटलिस्ट कॉलेज में आयोजित हुआ 'सिंपोजियम ऑन वाटर कंजर्वेशन एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट'

'जल-जीवन-हरियाली अभियान' की थीम पर विशेषज्ञो ने रखे विचार

पूरे सप्ताह कॉलेज में चला कार्यक्रम, पोस्टर मेकिंग, मॉडल मेकिंग तथा स्पीच प्रतियोगिता का हुआ कार्यक्रम

कैटलिस्ट कॉलेज में दिनाँक 18 जनवरी 2020 (शनिवार) को 'जल-जीवन-हरियाली अभियान' के संदर्भ में 'वाटर कंजर्वेशन एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर एक गोष्ठी का आयोजन किया गया | इस गोष्ठी में कॉलेज के छात्रों ने 'वाटर कंजर्वेशन एण्ड सस्टेनेबल डेवलपमेंट' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए | कार्यक्रम के दौरान छात्रों के मध्य स्पीच कॉम्पीटीशन, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता तथा वर्किंग मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा कॉलेज में छात्रों द्वारा बनाये गए पोस्टर्स तथा मॉडल्स की प्रदर्शनी भी लगाई गई |

इस अवसर पर बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के वाइस चेयरमैन श्री व्यास जी, मुख्य अतिथि की भूमिका में मौजूद थे | उन्होने छात्रों के प्रस्तुतीकरण की तारीफ़ करते हुये कहा कि छात्रो के प्रस्तुतीकरण तथा विषय पर उनका ज्ञान का स्तर सराहनीय है | जबकि कोन्फ़ेड्रेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के चेयरमैन श्री कमल नोपानी विशेष अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में मौजूद थे | उन्होने कहा कि इस तरह के जन सरोकार के विषयों में कैटलिस्ट कॉलेज के छात्रों की पहल प्रशंसनीय है | कार्यक्रम में तटस्थ निर्णायक की भूमिका में डिजास्टर मैनेजमेंट विभाग से श्रीमती मधुबाला जी तथा पटना विश्वविद्यालय की पूर्व सिंडीकेट सदस्या श्रीमती सागरिका चौधरी मौजूद थीं, जिन्होने छात्रों के प्रदर्शन की तारीफ की | इसके पूर्व संस्थान के निदेशक नीरज अग्रवाल ने अतिथियों का स्वागत किया और कहा कि 'जल तथा हरियाली' आने वाली जेनेरेशन की नहीं बल्कि हमारे जेनेरेशन की समस्या है और हमे इसके समाधान खोजने की जरूरत है | | कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सेंटर हेड मेघा अग्रवाल ने किया जबकि कार्यक्रम के दौरान मंच संचालन डीन नीरज पोद्दार ने किया | इस अवसर पर शिक्षक नीतीश रोहतगी, संजना सिन्हा, मुकेश कुमार, शाह अली अदनान, सोनी कुमारी तथा पवन कुमार इत्यादि भी मौजूद थे |

कार्यक्रम के अंत में 'स्पीच प्रतियोगिता' श्रेणी में बी.बी.ए. के शमाइल करीम को प्रथम पुरस्कार, बी.बी.एम. की मुस्कान कुमारी को द्वितीय पुरस्कार तथा बी.बी.ए. के अंकित कुमार को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया | जबकि पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बी.सी.ए. की स्वाति सिंह को प्रथम पुरस्कार, बी.बी.ए. की वर्षा सिंह को द्वितीय पुरस्कार तथा बी.बी.ए. के हरी आशीष, आकांक्षा सिन्हा तथा बी.सी.ए. के सौरभ आनंद पाण्डे तथा विकास कुमार पांडे को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया | मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता में दीप रंजन एवं ग्रुप, श्रेष्ठा एवं ग्रुप तथा हरी आशीष एवं ग्रुप को संयुक्त रूप से प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया | वहीं विकास एवं ग्रुप तथा सोनाली एवं ग्रुप को संयुक्त रूप से द्वितीय पुरस्कार तथा मानसी एवं ग्रुप तथा एवं वन्दना एवं ग्रुप को संयुक्त रूप से तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया |

JAL JEEVAN HARIYALI